दैनिक भास्कर 22/10/2022

यूथ फेस्टिवल का समापन • ओवरऑल ट्रॉफी के विजेता एसडी कॉलेज और रनरअप जीएमएन कॉलेज को राज्यपाल ने किया सम्मानित

# युवा महोत्सव युवा वर्ग को देश की संस्कृति से जोड़ने का जरिया : राज्यपाल

भास्कर न्यूज | अम्बाला

आर्य गर्ल्स कॉलेज में चल रहे 3 दिवसीय यूथ फेस्टिवल का शुक्रवार को समापन हुआ। मुख्यातिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय थे। प्रिंसिपल डॉ. अनुपमा आर्य और मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि बंडारू दत्तात्रेय का स्वागत किया। राज्यपाल ने डॉ. अनुपमा आर्य और मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारियों और स्टाफ के सदस्यों को बधाई दी।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से देश और प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखाई देती है। युवा महोत्सव युवा वर्ग को अपनी देश की संस्कृति से जोड़ने का एक जरिया है। 21वीं सदी में किसी भी देश-प्रदेश की संस्कृति युवा वर्ग पर आधारित होती है और हरियाणवी संस्कृति का डंका सिर्फ देश में ही नहीं, अपितु विदेश में भी है। कॉलेज की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह कॉलेज स्वामी दयानंद सरस्वती की विचारधारा पर चल रहा है और इस कॉलेज पर बेटियों को सामर्थ्यवान बनाने का दायित्व है। उन्होंने कहा कि अगर देश को आगे बढ़ाना है तो महिलाओं को आगे बढ़ाना होगा। आज लड़कियां हर क्षेत्र में आगे हैं।

इस मौके पर विभिन्न मंचों से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर ओवरऑल ट्रॉफी के विजेता एसडी कॉलेज और रनरअप जीएमएन कॉलेज रहा, जिन्हें राज्यपाल ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।




**अम्बाला** | आर्य गर्ल्स कॉलेज में आयोजित 45वें जोनल यूथ फेस्टिवल के समापन पर प्रस्तुति देती छात्राएं।

## थिएटर इवेंट में जीएमएन कॉलेज व म्यूजिक इवेंट में एसडी कॉलेज ने जीती ट्रॉफी

- **थिएटर इवेंट ट्रॉफी**: जीएमएन पीजी कॉलेज।
- **म्यूजिक इवेंट ट्रॉफी**: एसडी कॉलेज।
- **डांस इवेंट ट्रॉफी**: एसडी कॉलेज।
- **फाइन आर्ट्स इवेंट ट्रॉफी**: गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अम्बाला छावनी।
- **लिटेररी इवेंट ट्रॉफी**: एसडी कॉलेज।

### ये रहे तीसरे दिन के परिणाम

- **हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा**: एसडी कॉलेज पहले व जीएमएन कॉलेज दूसरे स्थान पर।
- **वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो**: प्रथम स्थान जीएमएन कॉलेज व द्वितीय स्थान एसए जैन कॉलेज।
- **वेस्टर्न ग्रुप सॉन्ग**: प्रथम एसडी कॉलेज, द्वितीय स्थान एसए जैन कॉलेज अम्बाला शहर।
- **वेस्टर्न वोकल सोलो**: प्रथम स्थान जीएमएन कॉलेज, द्वितीय स्थान एसडी कॉलेज।
- **ग्रुप डांस सामान्य**: प्रथम स्थान डीएवी कॉलेज लाहौर, द्वितीय एमडीएसडी गर्ल्स।
- **डिबेट फॉर**: प्रथम एसडी कॉलेज व द्वितीय स्थान गवर्नमेंट कॉलेज अम्बाला छावनी।
- **डिबेट अगेंस्ट**: प्रथम एसडी कॉलेज, द्वितीय एसए जैन कॉलेज।
- **इंस्टालेशन/बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट**: प्रथम स्थान गवर्नमेंट कॉलेज अम्बाला छावनी, द्वितीय स्थान एसडी कॉलेज।
- **ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी**: प्रथम आर्य गर्ल्स कॉलेज, द्वितीय डीएवी कॉलेज लाहौर।
- **पॉलीटिकल सिम्पोजियम (हिंदी)**: प्रथम स्थान एसडी कॉलेज, द्वितीय डीएवी कॉलेज लाहौर।
- **पॉलिटिकल सिम्पोजियम (पंजाबी)**: प्रथम स्थान जीएमएन पीजी कॉलेज, द्वितीय गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमन शहजादपुर।
- **पॉलिटिकल सिम्पोजियम (इंग्लिश)**: प्रथम स्थान एसए जैन कॉलेज व द्वितीय एसडी कॉलेज।
- **पॉलिटिकल सिम्पोसियम (हरियाणवी)**: प्रथम स्थान गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर-1 पंचकूला, द्वितीय एमपीएन कॉलेज मुलाना।